# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन की कार्यवाही सुचारु रुप से जारी, क्षेत्र की समस्याओं को उठा रहे हैं विधायक, आज से विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी होगी चर्चा।
- पाकुड़ में प्रवर्तन निदेशालय–इडी ने दी दबिश, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यालय में छापेमारी, दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं केन्द्रीय एजेंसी के अधिकारी।
- महिला दिवस उत्सव में भाग लेने दिल्ली पहुंची झारखंड की महिला पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया रात्रि भोज, कहा– महिला नेतृत्व के माध्यम से ग्रामीण भारत के विकास की गढ़ी जा रही है नई परिभाषा।
- वाटर बॉडीज में उत्कृष्ट कार्य के लिए गिरिडीह जिला को मिला द इंडियन एक्सप्रेस एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड, उपायुक्त ने कहा–प्रशासन के समर्पण और प्रतिबद्धता को मिला सम्मान।
- झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से शुरु, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया उदघाटन, कहा– जवानों में बढ़ेगी प्रतिस्पर्द्धा की भावना।

******************

विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन की कार्यवाही सुचारु रुप से जारी है। प्रश्नकाल में विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठा रहे हैं और सरकार की ओर से जवाब दिया जा रहा है। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने सदन में विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन का मामला उठाया।

जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों की व्यवस्थाओं का आकलन करने के बाद सरकार इस दिशा में पहल करेगी।

******************

पाकुड़ जिले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मौलाना चौक स्थित सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया–एसडीपीआई के कार्यालय में छापेमारी की है। आज दिन के 11 बजे ईडी की टीम दर्जनों जवानों के साथ मौलाना चौक पहुंची और एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हजेला शेख के कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया। ईडी के अधिकारी एसडीपीआई के कार्यालय में दस्तावेजों को खंगाल रही है।

******************

महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में दिल्ली में एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में झारखंड की विभिन्न पंचायतों की महिला जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगी। समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंची इन महिला प्रतिनिधियों के साथ केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रात्रि भोज किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महिला नेतृत्व के माध्यम से ग्रामीण भारत के विकास की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है।

******************

गिरिडीह में मंईयां सम्मान योजना में व्यापक गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। कई अयोग्य लाभुक भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। डीसी नमन प्रियेस लकड़ा ने बताया कि जांच में तीन हजार नौ सौ बारह लाभुक अयोग्य पाये गये हैं, जिनस राशि की वसूली होगी और आपराधिक मामले दर्ज होंगे।

******************

डीजीपी अनुराग गुप्ता आज राज्य में बच्चों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में सभी रेंज के डीआईजी जोनल आईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

गिरिडीह जिला को वाटर बॉडीज में उत्कृष्ट कार्य के लिए द इंडियन एक्सप्रेस एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री –स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह ने गिरिडीह जिले को सम्मानित किया। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने बताया कि वाटर बॉडीज के जरिए जनता को पानी के महत्व के बारे में जागरूक करने में प्रशासन ने पूरी प्रतिबद्धता दिखायी है।

******************

सरायकेला खरसावां जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

******************

उत्तर भारत में बर्फवारी और बारिश के कारण झारखंड में अगले दो दिनों के दौरान मौसम में बदलाव संभव है। इस दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 29 दशमलव 8 और न्यूनतम 18 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

******************

झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से शुरु हो गयी है। रांची के धुर्वा स्थित होमगार्ड मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इसका उदघाटन किया। इस मौके पर श्री गंगवार ने कहा कि यह प्रतियोगिता जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

मौके पर मौजूद होमगार्ड और अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से जवानों के बीच प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

******************